<u>प्रेसनोट दिनांक 12.01.2025</u>

<u>थाना नवाबगंज जनपद बरेली।</u>

<u>माननीय न्यायालय के आदेशानुसार थाना नवाबगंज बरेली पुलिस द्वारा अवैध शराब (अंग्रेजी व देशी) थाना नवाबगंज पर पजीकृत 40 अभियोगों में 716 लीटर अवैध शराब एवं लगभग 25 क्विंटल 40 किलो चावल का कराया गया विनिष्टीकरण।</u>

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली द्वारा जनपद में चलाए जा रहे माल निस्तारण के अभियान के क्रम में एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नवाबगंज बरेली के कुशल पर्यवेक्षण में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा थाना नवाबगंज पर पंजीकृत (वर्ष 2022 में आबकारी अधिनियम से संबंधित 10 अभियोग व वर्ष 2023 में आबकारी अधिनियम से संबंधित 19 अभियोगों एवं वर्ष 2024 के आबकारी अधिनियम से संबंधित 10 अभियोगों में) कुल 39 अभियोगो में कुल 716 लीटर अवैध शराब (अंग्रेजी एंव देशी) को श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय नवाबगंज व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नवाबगंज व आबकारी निरीक्षक श्री पुष्पेंद्र कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज की उपस्थिति में विनिष्टीकरण कराया गया । इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 में पंजीकृत अभियोग से संबंधित लगभग 25 क्विंटल चावल का विनिष्टीकरण का कराया गया । थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा लगभग 40 मालों का निस्तारण किया गया ।

यह अभियान समाज को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। बरेली पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की जाती है कि वे अवैध शराब और अन्य मादक पदार्थों की जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराकर इस मुहिम में सहयोग करें।